# 2 फुटबॉल का खेल

खेल-कूद एवं सहभागिता

## आइए जुड़ें

Social Behavior

- नीचे दिए गए स्थान पर अपने कुछ दोस्तों के नाम लिखिए।

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................

.......................................................................



Initiative and Self direction

- आपकी इनसे दोस्ती कैसे हुई? अपने अनुभव बताइए।

### पढ़ेंगे और जानेंगे

- खेल का महत्व समझेंगे।
- वर्ण-विच्छेद, ऑ की ध्वनि वाले शब्द एवं शब्द-निर्माण के बारे में जानेंगे।
- फुटबॉल के खेल के बारे में जानेंगे।
- एक-दूसरे की मदद करने की प्रेरणा लेंगे।



### विषय-वस्तु

इस पाठ में फुटबॉल के खेल, दोस्ती और एक-दूसरे की मदद करने के बारे में बताया गया है। बच्चे मिल-जुलकर खेल-कूद के साथ-साथ प्रकृति का मज़ा लेते हैं। आवश्यकता पड़ने पर एक-दूसरे की मदद करते हैं।

### शीर्षक के बारे में

फुटबॉल एक ऐसा खेल है, जिसमें बॉल को पैर से ठोकर मारकर खेला जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह खेल सबसे पहले मिस्र में खेला गया। इसी तरह का खेल चीन में 'सुचु' नाम से खेला जाता था, जिसका अर्थ है– 'पैर से गेंद को मारना'। आधुनिक फुटबॉल की शुरुआत इंग्लैंड से हुई।

फुटबॉल मेरा पसंदीदा खेल है। राजू, मोहन, अब्दुल और निकिता को भी फुटबॉल खेलना पसंद है। मेरे और भी दोस्त हैं, जो क्रिकेट और बैटमिंटन भी खेलते हैं। बैटमिंटन खेलने में हमें कम मज़ा आता है, क्योंकि उसमें हम सभी दोस्त एक साथ नहीं खेल पाते। क्रिकेट में भी सारे दोस्त एक साथ नहीं खेलते। कभी निकिता जल्दी आउट हो जाती, तो कभी मैं, कभी कोई... हमें तो फुटबॉल खेलने में ही मज़ा आता है। न विकेट की ज़रूरत, न छोटी बॉल की, न चिड़िया (शटलकॉक) की और न ही दो-दो बल्लों की। न भीगने का डर, न बॉल खोने का डर... बस एक फुटबॉल लाओ और खेल शुरू। हम भी अकसर फुटबॉल खेलते हैं।



हमारे आस-पास बहुत सारे घर हैं और उनके बीच में है, हमारा छोटा-सा मैदान। उस मैदान को देखते ही हमें लगता है कि वे हमें खेलने के लिए बुलाता है। फुटबॉल खेलने के कारण ही इन घरों के सारे बच्चों से हमारी दोस्ती हो गई।

**शब्दार्थ :** **पसंदीदा**– मनपसंद, **ज़रूरत**– आवश्यकता, **बल्ला**– बैट

राजीव, कविता और स्मिथ... और भी बहुत सारे दोस्त। हमें जब भी मौका मिलता, हम फुटबॉल लेकर निकल पड़ते। बारिश में तो हमें और भी ज़्यादा मज़ा आता, फुटबॉल और पानी दोनों साथ-साथ... जब भी बारिश आती, कविता कागज़ की नाव बनाती और उसे पानी पर चलते हुए देखती। अब्दुल छोटे-छोटे पत्ते इकट्ठे करके पानी में बहाता। हम सब फुटबॉल खेलना छोड़कर पानी से खेलने लगते।



एक दिन खेलते-खेलते हमारी फुटबॉल एक गड्ढे में चली गई और खेल रुक गया। गड्ढा चौड़ा था और उसमें पानी भरा हुआ था। राजीव ने बोला कि मैं अभी फुटबॉल निकालता हूँ। वह जैसे ही फुटबॉल लेने के लिए गड्ढे की ओर बढ़ा, उसका पैर फिसल गया। वह गड्ढे में गिर गया और रोने लगा। हम सभी डर गए। निकिता ने सबको समझाया और कहा कि इसमें डरने की कोई बात नहीं। वह राजीव के पास गई और देखा कि फिसलने के कारण उसे थोड़ी खरोंच आई है। थोड़ी देर में ही राजीव



**शब्दार्थ :** **मौका**– अवसर, **ज़्यादा**– अधिक

का दर्द कम हो गया। सभी दोस्तों ने उस दिन का खेल समाप्त किया और राजीव के साथ उसके घर गए।

**चर्चा कीजिए**

- सभी दोस्तों ने उस दिन का खेल समाप्त किया और राजीव के साथ उसके घर गए। सबने उस दिन का खेल क्यों समाप्त किया होगा?

मोहन ने राजीव के मम्मी-पापा को सारी घटना बताई और माफ़ी भी माँगी। उन्होंने कहा कि इसमें माफ़ी की कोई बात नहीं, खेल में ऐसा हो जाता है। आप लोगों ने तो इसका ध्यान ही रखा है और घर भी आए। बस यह ध्यान रखना कि कोई चोट लगे, तो उसे कभी छुपाओ मत। इसकी सूचना अपने से बड़ों को दो और ऐसे ही सब मिल-जुलकर खेलो। अंकल की बात सुनकर सब बहुत खुश हुए।



*–शशि प्रकाश द्विवेदी*

## जुड़कर सीखें

### सही बोलें, सही लिखें

फुटबॉल, पसंदीदा, बैटमिंटन, मज़ा, ज़रूरत, बारिश, गड्ढा, खरोंच, माफ़ी

**शब्दार्थ :** **खरोंच**– चोट या छिलने के हलके निशान, **खुश**– प्रसन्न

## मौखिक

- **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** Knowledge

(क) बच्चे कौन-कौन से खेल खेलते हैं?

(ख) बच्चों को कौन-सा खेल पसंद था?

(ग) बच्चों को कब ज़्यादा मज़ा आता है?

(घ) बच्चों को क्रिकेट खेलने में मज़ा क्यों नहीं आता?

## लिखित

**1. सही उत्तर चुनकर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए–** Evaluation

(क) बच्चे मौका मिलने पर क्या लेकर निकल पड़ते हैं?

(i) फुटबॉल ☐ (ii) बॉल ☐ (iii) बल्ला ☐

(ख) छोटे-छोटे पत्ते पानी में कौन बहाता?

(i) राजीव ☐ (ii) अब्दुल ☐ (iii) कविता ☐

(ग) खेलते-खेलते फुटबॉल कहाँ चली गई?

(i) झाड़ी में ☐ (ii) नाली में ☐ (iii) गड्ढे में ☐

**2. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–** Application

मम्मी-पापा दोस्त सुनकर फुटबॉल

(क) मेरे और भी .................................. हैं, जो क्रिकेट और बैटमिंटन भी खेलते हैं।

(ख) हमें जब भी मौका मिलता, हम .................................. लेकर निकल पड़ते।

(ग) मोहन ने राजीव के .................................. को सारी घटना बताई।

(घ) अंकल की बात .................................. सब बहुत खुश हुए।

**3. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** Understanding

(क) छोटा-सा मैदान कहाँ है?

..........

(ख) सारे बच्चे राजीव के घर क्यों गए?

..........

(ग) बारिश होने पर कविता क्या करने लगती?

..........

(घ) राजीव के मम्मी-पापा ने क्या कहा?

..........

**4. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए–**

Competency Based Questions

(क) बच्चे फुटबॉल खेलना क्यों पसंद करते थे?

..........

..........

..........

(ख) "फुटबॉल खेलने के कारण ही इन घरों के सारे बच्चों से हमारी दोस्ती हो गई।" फुटबॉल खेलने से सारे बच्चों की दोस्ती किस प्रकार हुई होगी?

..........

..........

..........

1. जब किसी शब्द के वर्णों को अलग-अलग करके लिखा जाता है, तब उसे वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

**उदाहरण के अनुसार वर्ण-विच्छेद कीजिए–** Synthesis

राजू – र + आ + ज् + ऊ

हमारे – ........ + ........ + ........ + ........ + ........ + ........

चौड़ा – ........ + ........ + ........ + ........

घटना – ........ + ........ + ........ + ........ + ........ + ........

2. 'फुटबॉल' शब्द में लगे चिह्न ( ॅ ) को देखिए। इसका उच्चारण हिंदी के 'आ' और 'औ' के बीच की ध्वनि की तरह होता है। इसे आगत ध्वनि कहते हैं। सामान्यत: यह ध्वनि अंग्रेज़ी शब्दों की होती है।

**ऑ की ध्वनि वाले कुछ शब्द लिखिए–** Knowledge

................................ ................................

................................ ................................

3. **नीचे दिए गए शब्दों को ध्यान से देखिए, समझिए और शब्द बनाइए–** Creative Thinking

फुट + बॉल = फुटबॉल वायु + यान = ................

शटल + कॉक = शटलकॉक रेल + गाड़ी = ................

बेस + बॉल = ................ गुलाब + जल = ................

## सीखकर करें

Values and Life Skills
Critical Thinking

### सूझ-बूझ

1. मिल-जुलकर रहने के क्या फ़ायदे हैं?
2. अगर राजीव के माता-पिता नाराज़ हो जाते और बच्चों को डाँट लगाते, तो सभी दोस्त क्या करते?

### खोजबीन

Inquiry-Based Learning

1. फुटबॉल खेलने के कुछ नियमों के बारे में पता कीजिए और अपनी नोटबुक में लिखिए; जैसे–
   - एक टीम कितने खिलाड़ी होते हैं?
   - क्या फुटबॉल को सिर्फ़ पैर से ही मार सकते हैं?
   - हार या जीत का निर्णय कैसे होता है?
2. क्रिकेट खेलते हुए हमें किन-किन वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है?

## करके बढ़ें

Experiential Learning

1. अपनी नोटबुक में अपने मनपसंद खेल का चित्र चिपकाइए या बनाइए और उसके बारे में कोई घटना लिखकर बताइए।
2. आपने जो लिखा है, उसे अपने दोस्तों को पढ़ने को दीजिए और उनकी लिखी बात को स्वयं पढ़िए।